
# बिना चीर-फाड़ के 30 मिनट में पोस्टमार्टम

## एम्स में शुरू होगा आधुनिक तकनीक से पोस्टमार्टम

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 07 जनवरी. शरीर को बिना चीरे फाड़े अब शव का पोस्टमार्टम आसानी से किया जा सकेगा. क्योंकि एम्स भोपाल में जल्द ही आधुनिक प्रक्रिया शुरू होनी वाली है.**

एक ऐसी मशीन जिसकी मदद से किसी शव के पोस्टमार्टम के लिए उसमें किसी भी तरह का चीरा नहीं लगाना पड़ेगा. बल्कि मशीन की सहायता से केवल 30 मिनट के अंदर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. एम्स के डॉ. केतन मेहरा ने बताया कि इस वर्चुअल ऑटोप्सी मशीन के लिए स्टैंडिंग फाइनेंस कमेटी में प्रस्ताव रखा जा चुका है. फिलहाल वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बजट आवंटित करने का इंतजार है. वर्चुअल ऑटोप्सी स्थापित करने वाला मध्यप्रदेश बना तीसरा राज्य बनने वाला है. इसके पहले यह तकनीकि केवल एम्स, नई दिल्ली और नीग्रिम्स, शिलांग में है. फिलहाल इस तकनीक के लिए एम्स भोपाल को सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है. वर्चुअल ऑटोप्सी एक आधुनिक फोरेंसिक तकनीक है, जिसमें शव का चीर-फाड़ किए बिना, कंप्यूटेड टोमोग्राफी और मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग (एमआरआई) जैसी तकनीकों का उपयोग करके मौत के कारण का पता लगाया जाता है. इस तकनी के माध्यम से शरीर के अंदरूनी अंगों, हड्डियों और चोटों की गहन जानकारी थ्रीडी इमेज से प्राप्त हो जाती हैं.




### कैसे काम करता है वर्चुअल ऑटोप्सी

शव को एक विशेष सीटी स्कैनर के अंदर रखा जाता है, जो शरीर के हर हिस्से की कई परतें बनाता है. जिसे स्कैनिंग कहते हैं. इसके बाद इन परतों में सॉफ्टवेयर का उपयोग करके पूरे शरीर की एक विस्तृत थ्रीडी इमेज बनाई जाती है, जिसे डॉक्टर घुमाकर, बड़ा करके और अलग-अलग हिस्सों की देखकर जांच करते हैं. इस प्रक्रिया को थ्रीडी रीकंस्ट्रक्शन कहते हैं. इसके बाद फोरेंसिक विशेषज्ञ इन डिजिटल छवियों का अध्ययन करके आंतरिक चोटों, रक्त के थक्कों, फ्रैक्चर या अंदरूनी बीमारियों का पता लगाते हैं.

### वर्चुअल ऑटोप्सी के फायदे

- शव को क्षति नहीं पहुंचेगी
- संक्रमण का खतरा नगण्य होगा
- थ्री डी इमेज से सटीक जानकारी
- डिजिटल रिकॉर्ड से न्याय प्रक्रिया में मदद
- परिवारजनों को कम मानसिक आघात
- जटिल मामलों में चोट का पैटर्न समझने में मदद

# रेलवे ट्रैक पर मिले शव की पुलिस ने की शिनाख्त

### बैंक में क्लर्क थे अभिनाष जैन

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 07 जनवरी. चेतक ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर मिले क्षत विक्षत युवक के शव की शिनाख्त पुलिस ने कर ली है. मृतक की पहचान अभिनाष जैन (35) पंजाबी बाग इलाके के रूप में की गई है.**

वह एक बैंक में क्लर्क के पद पर तैनात थे. बुधवार को पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए परिजनों को सौंप दिया. मर्ग कायम कर एमपीनगर थाना पुलिस जांच में जुटी है. मिली जानकारी के अनुसार अभिनाष जैन ने एमपीनगर क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने की सूचना अपने परिजनों को पहले से ही दी थी. अभिनाष ने अपनी मौत का जिम्मेदार भी खुद को ही ठहराया है.

उनकी पत्नी भी बैंक में उनकी सहकर्मी थीं. पारिवारिक तनाव के चलते वह रेलवे ट्रैक पर पहुंचे और खुदकुशी कर ली. बता दें कि मंगलवार को रेलवे ट्रैक पर शव पुलिस ने बरामद किया. पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना करते हुए अभिलाष के शव की पहचान की.

## एक नजर में

### वाहनों के टकराने के बाद हुई मारपीट

**भोपाल.** शाहपुरा इलाके के मनीषा मार्केट के पास दो वाहनों के टकराने से चालक आपस में भिड़ गए. बुधवार को हुए एक्सीडेंट के दौरान दोनों वाहन चालकों एक-दूसरे के साथ मारपीट की. इस विवाद के चलते देर तक सड़क पर देर तक जाम की स्थिति भी बनी रही. जानकारी के अनुसार मार्केट के पास चौराहे पर एक कार से बाइक सवार टकरा गया. इस हादसे में किसी भी चोट नहीं आई. वाहनों की टक्कर होने से विवाद की स्थिति बन गई. इसके बाद दोनों चालकों के बीच मारपीट हो गई. आवागमन करने वाले राहगीरों ने मामले को शांत कराया.

### वकील के घर डकैती करने वालों का गोवा में मिला सुराग

**भोपाल.** शहर के एयरपोर्ट रोड पर स्थित सूरज नगर में एडवोकेट के घर बीते दिनो कुत्तों को मांस में दवा मिलाकर खिलाने के बाद डकैती करने वाले आरोपियो का सुराग गोवा में मिला है. सूत्रों के अनुसार पुलिस जॉच में सामने आया की वारदात को अंजाम देने वाले करीब दर्जन भर से अधिक बदमाशों में से कुछ आरोपी घटना के फौरन बाद गोवा चले गए. पुलिस ने इस आधार पर गोवा और जयपुर में टीमें रवाना की हैं. गौरतलब है की 25-26 दिसंबर की दरम्यानी रात नकाबपोश बदमाश हथियार और औजार लेकर घर के अंदर घुसे थे, जबकि उनके अन्य साथी बाहर सड़क पर निगरानी कर रहे थे.

### जमानत के खिलाफ कांग्रेस का विरोध

**भोपाल.** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने कहा है कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान करने के आरोपी अनिल मिश्रा को बुधवार को ग्वालियर हाईकोर्ट से जमानत दे दी गई. एक बयान में अहिरवार ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन और राज्य सरकार ने जानबूझकर मामले को कमजोर किया, जिससे मुख्य आरोपी को जमानत मिल सकी. उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोपी को संरक्षण देने और न्याय प्रक्रिया को कमजोर करने का आरोप लगाया. अहिरवार ने घोषणा की कि इस फैसले के विरोध में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता प्रदेशभर में भाजपा नेताओं के काफिलों को काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन करेंगी.

# ईरानी डेरे में 6 आपराधिक गैंग सक्रिय

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 07 जनवरी. अमन कॉलोनी ईरानी डेरे में कई आपराधिक गैंग सक्रिय हैं. जानकारी सामने आई है कि डेरे में करीब 6 आपराधिक गैंग हैं और इन सभी गैंग के मुखिया ही गुर्गों को अपराध के लिए उकसाते हैं.**

सरगना राजू ईरानी को ही सभी गैंग के मुखिया और गुर्गे अपना आका मानते हैं, राजू अब तक फरार है. पुलिस उसकी तलाश में जुटी है. ईरानी डेरे में चल रही पुलिस जांच में अब तक 6 गैंग के सक्रिय होने की सूचना आई है. बताया जा रहा है कि डेरे में सक्रिय प्रत्येक गैंग में दर्जनभर से अधिक गुर्गे काम करते हैं. सभी गैंग के मुख्य धंधे चोरी, ठगी, नकली सोना खपाना, लूट और प्रॉपर्टी पर कब्जा करना भी शामिल है. भोपाल पुलिस की हाल में की गई छापेमार कार्रवाई के दौरान ईरानी डेरे से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, लैपटॉप, सीपीयू, पैनड्राइव सहित सामान जब्त किए गए हैं.

ईरानी डेरे के बदमाश देशभर में अपराध करने के लिए कुख्यात हैं. इसमें ताजा मामला बांदा जिले का है. पुलिस की दबिश में यहां मिले मोबाइल फोन को लेकर यह भी आशंका जताई जा रही है कि चोरी के मोबाइल का सिक्योरिटी लॉक तोड़ने का काम भी गैंग के कुछ गुर्गे ही करते हैं. पूरे मामले में पुलिस जांच भी चल रही है.

### राजू ईरानी के गुर्गों ने की बांदा में वारदात

**भोपाल.** ईरानी डेरे के एक गैंग ने बांदा जिले में ठगी की घटना को अंजाम दिया है. डेरे के सरगना राजू ईरानी के करीबी तरू उर्फ सरताज ईरानी और तकदीर ईरानी को लेकर यह खबर सामने आई है कि दोनों ने इस वारदात को किया है. बीते सोमवार को बांदा की एक बाजार में ज्वेलर को चकमा देकर करीब 10 तोला सोना दोनों आरोपियों ने ठगा. वारदात के बाद से दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए. पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है. सामने आए सीसीटीवी फुटेज में दोनों जालसाज नजर आ रहे हैं. इस वीडियो फुटेज के आधार पर ईरानी डेरे के गिरोह की पहचान हुई है. बांदा पुलिस की अबतक की कार्रवाई में दोनों लुटेरों की लोकेशन भोपाल के आसपास मिली है.


# प्रदेश में बढ़ी सर्दी, कई जिलों में शीतलहर

### उत्तर भारत की बर्फीली हवाओं से कांपा प्रदेश

**भोपाल, 7 जनवरी. उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों से आ रही बर्फीली हवाओं के प्रभाव से मध्य प्रदेश में सर्दी लगातार तीव्र होती जा रही है. रात में प्रदेश के कई शहरों में तापमान एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिर गया.**

अमरकंटक और हिल स्टेशन पचमढ़ी में मैदानों में ओस की बूंदें जम गईं, जबकि राजगढ़ में न्यूनतम तापमान गिरकर मात्र 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. भोपाल और राजगढ़ में तीव्र शीतलहर का असर देखने को मिला, वहीं शाजापुर, शहडोल, सिवनी, मंदसौर और सीहोर जिलों में शीतलहर का प्रभाव बना रहा.

दतिया में अति घना कोहरा छाया रहा, जबकि भोपाल, ग्वालियर, राजगढ़ और खजुराहो में घना कोहरा दर्ज किया गया. कोहरे के कारण सुबह के समय दृश्यता कम रही, जिससे यातायात प्रभावित हुआ. मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा.



पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान नर्मदापुरम और रीवा संभागों के जिलों में 2.2 से 3.0 डिसे तक बढ़ा, जबकि अन्य संभागों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. चंबल संभाग में अधिकतम तापमान सामान्य से 4.1 डिसे तक कम रहा. वहीं इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और सागर संभागों में तापमान सामान्य से 1.9 से 2.3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया. न्यूनतम तापमान भोपाल संभाग में 2.4 डिसे तक बढ़ा, जबकि भोपाल, जबलपुर और शहडोल संभागों में यह सामान्य से 1.9 से 2.5 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा.

# 166 आदतन अपराधियों के खिलाफ की कार्रवाई

- नगरीय पुलिस आयुक्त जोन-03 के निर्देशन में कार्रवाई
- कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने चलाया जा रहा अभियान

**भोपाल, 07 जनवरी. नगरीय पुलिस आयुक्त जोन-03 के निर्देशन में कानून व्यवस्था को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है.**

शहर में अपराधों पर नियंत्रण और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई जारी है. थाना कोतवाली, तलैया, श्यामला हिल्स, हनुमानगंज, गौतमनगर, मंगलवारा, शाहजहांनाबाद, कोहेफिजा और टीलाजमालपुरा थाना इलाकों में कुल 166 आदतन अपराधियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई. इस दौरान बाउंड ओवर की कार्रवाई कर प्रतिबंधित किया गया. प्रतिबंधित अवधि में आदतन अपराधियों को पुन: अपराध घटित कर बंधपत्र की शर्तों का उल्लंघन करने के खिलाफ परिवाद प्रस्तुत किए गए. प्रस्तुत परिवाद विचारण के दौरान परिवाद में कार्रवाई पूर्ण कर वर्ष 2025 में 106 आदतन अपराधियों को प्रकरणों में अंतिम आदेश जारी कर केन्द्रीय जेल भेजा गया, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था और त्यौहारों में शांतिपूर्ण माहौल बना है.

# मोबाइल छीनने वाले बदमाश गिरफ्तार

- घटना में इस्तेमाल की मोटर साइकल जब्त

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 07 जनवरी. रातीबड़ थाना पुलिस ने मोबाइल झपटमारी की घटना करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है. बदमाशों के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकल को भी जब्त किया है.**

बदमाशों ने जिस पीड़ित महिला का मोबाइल छीना था, उसे भी बरामद कर लिया गया है. गिरफ्त में आए बदमाशों के आपराधिक रिकॉर्ड भी पहले से दर्ज हैं. थाना प्रभारी रास बिहारी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मोबाइल झपटमारी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है. फरियादी महिला अपने साथ काम करने वाली महिला के साथ जब घर लौट रही थी. इस दौरान एक बदमाश ने महिला को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया.



पुलिस को इस दौरान सूचना मिली कि बदमाश सीहोर रोड बिलकिशगंज में एक ढाबा पर खाना खा रहे हैं. दोनों का घेराव करते हुए पुलिस ने पकड़ा. पुलिस की पूछताछ में बदमाशों ने घटना करना भी स्वीकार किया. मुख्य आरोपी रोहित जाट टेंट लगाने का काम करता है और उसका साथी गणेश जाट टैक्सी चलाता है. आरोपियों के खिलाफ मिले साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की गई. पीड़िता का मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद कर लिया है.

# नगर निगम के कर्मचारियों को मिलेगा 10 महीने का एरियर

**भोपाल, 07 जनवरी. नगर निगम के 29 दिवसीय कर्मचारियों को 10 महीने का एरियर देने के लिए निगम के वित्त विभाग ने पत्र जारी किया है. इसमें वित्त विभाग ने सभी शाखा प्रभारी सहित नगर निगम के सभी 21 जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी और जोनल अधिकारियों से कर्मचारियों की जानकारी मांगी है.**

वित्त विभाग ने जारी लेटर में साफ कहा है कि कर्मचारी की उपस्थिति के हिसाब से ही पत्रक बनाकर भेजे जाएं. दरअसल, नगर निगम के सभी विभागों में लगभग 12 हजार से अधिक 29 दिवसीय कर्मचारी कार्यरत हैं. इन्हें कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान किया जाता है. बीते साल नई कलेक्टर दरें लागू हो चुकी हैं. इसके आदेश भी जारी किए जा चुके हैं, लेकिन अब जाकर निगम कर्मचारियों को एरियर देने जा रहा है. इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश दिए थे.




# डीजीपी ने पर्वतारोही का किया सम्मान

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 07 जनवरी. मैहर जिले की गौरव एवं अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना सिंह को यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस तक मध्यप्रदेश पुलिस के जनजागरुकता अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी' को पहुंचाने के लिए पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने सम्मानित किया.**

इस अवसर पर डीजीपी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर युवाओं में नशे के विरुद्ध सशक्त संदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित करने के उनके प्रयासों की सराहना की. अंजना सिंह ने माउंट एलब्रुस की चोटी पर तिरंगा फहराकर युवाओं से नशे को 'ना' कहने की अपील की, जिससे इस अभियान को वैश्विक पहचान मिली और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए पुलिस की जनसहभागिता आधारित पहल को मजबूती मिली. मैहर जिले की अमरपाटन तहसील के बेंदुरा कला गांव की निवासी अंजना सिंह एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं. उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग, मनाली से प्रशिक्षण प्राप्त किया है. गणतंत्र दिवस 2025 पर उन्होंने अफ्रीका की सर्वोच्च चोटी माउंट किलिमंजारो फतह की थी. अब वे ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोसियस्जको को फतह करने की तैयारी कर रही हैं.




### जिलाबदर आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** कोहेफिजा थाना पुलिस ने जिलाबदर के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. बदमाश दानिश खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया. आरोपी शाहजहांनाबद मस्जिद के पास का रहने वाला है. उसके इलाके में होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई की. जानकारी के अनुसार बदमाश दानिश के खिलाफ पूर्व के प्रकरणों को देखते हुए उसे जिला बदर का आदेश जारी किया गया था. भोपाल और आसपास के जिलों की सीमा से बाहर रहने का आदेश होने के बावजूद भी बदमाश इलाके में रह रहा था. बदमाश दानिश के बारे में सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.

# 23 वर्षीय छात्रा की इलाज के दौरान मौत

## छात्रा के साथी युवक की तलाश जारी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 07 जनवरी. चुना भट्टी थाना इलाके में रहने वाली एक 23 वर्षीय छात्रा की जेपी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. बुधवार को चूना भट्टी पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा.**

मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराने वाले फरार साथी युवक की भी पुलिस तलाश करने में जुटी है. जानकारी के अनुसार छात्रा का नाम प्रिया है, वह एक कॉलेज की छात्रा थी और तुषार नाम के युवक के साथ आखिरी बार देखी गई थी. बताया जा रहा है कि तुषार ही प्रिया को इलाज के लिए जेपी अस्पताल लेकर गया था. इसके बाद वह उसे अस्पताल में छोड़कर मौके से फरार हो गया. प्रिया के शव पर चोट के निशान भी देखे गए हैं. चेहरे, हाथ और पैरों में गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जो उसके साथ हुई अनहोनी का इशारा कर रहे हैं.



प्रिया के परिजन उसकी मौत का आरोप तुषार पर लगा रहे हैं. हालांकि चूना भट्टी थाना पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को हादसा मानकर चल रही है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल भेजा गया है. जेपी अस्पताल प्रबंधन ने ही चूना भट्टी पुलिस को पूरे मामले की सूचना दी थी. अब तुषार के फरार होने पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं. पुलिस उसकी तलाश में भी जुटी है.

**कार्यक्रम** | भारत भवन में भोपाल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल कल से

# देश विदेश के रचनाकार-कलाकार करेंगे संवाद

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 7 जनवरी. भोपाल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल 2026 का आठवां संस्करण 9 से 11 जनवरी तक भारत भवन में आयोजित होने जा रहा है. बुधवार दोपहर प्रेस वार्ता में फेस्टिवल डायरेक्टर राघव चंद्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम देश-विदेश के रचनाकारों, विचारकों और कलाकारों के संवाद का सजीव मंच बनेगा.**

उन्होंने कहा यह आयोजन भोपाल को सांस्कृतिक और बौद्धिक केंद्र के रूप में स्थापित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है. तीन दिनों के दौरान लेखक संवाद, परिचर्चाएं, पुस्तक विमोचन, कला प्रदर्शनियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां लगातार शहर को ऊर्जा से भरेंगी. भारत सहित विभिन्न देशों से लेखक, राजनयिक, सैन्य विशेषज्ञ, इतिहासकार, सांसद और कलाकार सहित 100 से अधिक विचारक इसमें शामिल होंगे. जिसमें विलियम डैलरिम्पल, अश्विन सांघी, सैयद अकबरुद्दीन, नीरा चांधोके, सुजान चिनॉय, गौतम मुखोपाध्याय और प्रोबल दासगुप्ता जैसे दिग्गज वक्ता भाग लेंगे. राघव चंद्रा ने बताया भारत भवन के सहयोग से ट्राइबल आर्ट कैंप एंड फेयर भी आयोजित होगा. जिसमें 10 राज्यों के 60 से अधिक आदिवासी कलाकार गोंड, भील, बैगा, पिथोरा, वारली व भारिया चित्रकला के साथ बांस, लकड़ी, लोहे की शिल्पकला को प्रस्तुत करेंगे. उन्होंने कहा विचार, रचनात्मकता, संवाद और कला चार स्तंभों पर खड़ा बीएलएफ तीन दिनों तक भोपाल की सांस्कृतिक रुचि को न केवल शहर में बल्कि प्रदेश के बहार भी बढ़ाएगा. राघव चंद्रा ने बताया फेस्टिवल में युवा प्रतिभाओं की भागीदारी पर ज़ोर रहेगा.




### फेस्टिवल में इन विषयों पर होगी चर्चा

सभ्यता और इतिहास, भारत-चीन संबंध, वैश्विक राजनीति व संघर्ष, संवैधानिक मूल्य, तकनीकी शासन, पर्यावरणीय संकट, जनजातीय इतिहास, सिनेमा और लोकतंत्र का भविष्य... राघव चंद्रा ने बताया कि फेस्टिवल में युवा प्रतिभाओं की भागीदारी पर ज़ोर रहेगा। मध्यप्रदेश स्कूल ऑफ ड्रामा की विशेष कार्यशालाएं 'यंगरंग' के तहत कहानी-कथन, चित्रकला और कविता प्रतियोगिताएं युवा रचनात्मकता को नया अवसर देंगी.

### भोपाल में सार्वजनिक आयोजनों पर सख्ती

**भोपाल.** शहर में शांति, कानून-व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त, नगरीय पुलिस भोपाल द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है. यह आदेश आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा. जारी आदेश के अनुसार भोपाल नगरीय क्षेत्र में किसी भी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, जुलूस, रैली, आमसभा, वाहन रैली, पदयात्रा, मशाल जुलूस, पुतला दहन, ज्ञापन, या किसी भी सरकार-निजी भवन के घेराव के लिए पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा. बिना अनुमति आयोजित कार्यक्रमों पर कानूनी कार्वाई की जाएगी.

# उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर बना वरदान

### 20 प्रतिशत की दिन के टैरिफ में छूट

**भोपाल, 07 जनवरी. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है.**

स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत, माह दिसंबर 2025 के दौरान कुल 4,29,935 उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान किया है, जिसकी कुल राशि 02 करोड़, 71 लाख 72 हजार रुपये है. स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर ये छूट दी गई है. कंपनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जिसमें घरेलू, गैर घरेलू, सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट और निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए सोलर ऑवर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई.